हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

11 प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता: एडीसी वीरेंद्र



12 गोशालाओं के रखरखाव के लिए सीधे खातों में भेजी...



## आहुतियों की सुगंध से भक्तिमय हुआ माहौल

**ऋग्वेद पारायण यज्ञ का द्वितीय दिवस**

- पारायण यज्ञ का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी वैदिक संस्कृति से जोड़ना : अरूण ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। आर्य समाज भवन में आयोजित ऋग्वेद पारायण यज्ञ में भाग लेते सदस्य।

आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा स्वामी श्रद्धानंद जी के 100वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में चल रहे चार दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ के दूसरे दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वेद मंत्रों की गूंज और आहुतियों की सुगंध से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। आर्य समाज के विद्वान पुरोहित दीपक शास्त्री एवं ब्रह्मचारी मनीष आर्य के द्वारा ऋग्वेद के मन्त्रों का सस्वर पाठ किया गया। प्रत्येक मंत्र के साथ 'स्वाहा' की ध्वनि ने वातावरण को दिव्य बना दिया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री ने कहा कि पावमानी यज्ञ से संपूर्ण प्राणियों का कल्याण होता है और विद्वान लोग यज्ञ के द्वारा ईश्वर को पूजते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों में यज्ञ का महत्व परम है, इसे सिर्फ कर्मकाण्ड नहीं बल्कि ब्रह्माण्डीय ऊर्जा का स्त्रोत, आध्यात्मिक उन्नति और भौतिक सुख शांति का साधन माना गया है। आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर ने सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि विज्ञान और जीवन जीने की कला का सार हैं। इस पारायण यज्ञ का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि और युवा पीढ़ी को अपनी वैदिक संस्कृति से जोडन्ना है। इस अवसर पर भजन उपदेशकों ने मधुर भजनों के माध्यम से ईश्वर की महिमा का गुणगान किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर आर्य समाज फतेहाबाद के पूर्व बंसीलाल आर्य, सतीश चौधरी, हरीश झांब सहित काफी संख्या में माताएं, बहनें उपस्थित रही। बता दें कि आर्य समाज भवन में 13 दिसंबर शनिवार तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा सांय 3 बजे से 5 बजे तक यज्ञ हवन एवं प्रवचन होंगे। कार्यक्रम का समापन 14 दिसंबर रविवार को होगा। इस दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्णाहूति के बाद लंगर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## फूलकां में 40 ने क्लीयर किया सीईटी

सिरसा। ग्राम पंचायत के प्रयासों से गांव फूलकां में एक वर्ष पूर्व शुरु की लाइब्रेरी बेरोजगार युवकों के लिए वरदान साबित हुई है। लाइब्रेरी के सभी 40 विद्यार्थियों ने एक साथ सीईटी क्लीयर किया है, जिसको लेकर गांव में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर इन होनहार युवाओं को स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम दौरान राय सिंह खिचड़, मेवा सिंह, मेघराज कुलडिय़ा, सत्यनारायण कुलडिय़ा, भरत कुलडिय़ा, बंसी गहलोत, राकेश छिंपा, इंद्राज कुहाड़, रामकिशन कुहाड़ सहित अन्य मौजूद थे।



सिरसा। ग्राम सरपंच युवाओं को स्टेशनरी देकर सम्मानित करते हुए।

**सरपंच ने सभी युवाओं को किया सम्मानित**

इस बारे में लाइब्रेरी इंचार्ज कर्ण सिंह ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले ग्राम पंचायत फूलकां ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के मकसद से गांव में लाइब्रेरी का आगाज किया गया था। शुरुआत में बहुत कम बच्चे आते थे। किंतु धीरे-धीरे यह संख्या 40 तक जा पहुंची। वर्तमान समय में यहां 20 के करीब लड़कियां भी लाइब्रेरी में आती हैं। सरपंच कैलाश राठी ने बताया कि लाइब्रेरी में परीक्षा तैयारियों में जुटे सभी 40 बच्चों ने सीईटी एक साथ क्लीयर कर दिखाया है, जोकि गांव के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**खबर संक्षेप**

### साइबर ठगी मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। ऑनलाइन भैंस बिक्री से ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान विक्की गुजराती पुत्र जय किशन निवासी सेक्टर 38-सी, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी से 4,500 नगद भी बरामद किए गए हैं। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आत्माराम पुत्र रामचंद्र निवासी खैरातीखेड़ा द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। यूट्यूब चैनल अरावली डेयरी डेयरी फार्म पर भैंस की बिक्री का वीडियो देखकर उसने आरोपी से संपर्क किया। आरोपी ने सोनू जाट बताकर पहले 10 हजार, बाद में एक खाते में 21 हजार 500 रुपये भिजवाकर कुल 31,500 रुपये की साइबर ठगी की है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यशाला आयोजित

ओढां। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर दिन शनिवार को पूरे सिरसा जिले में किया जाएगा। जिले में इस चयन प्रवेश परीक्षा हेतु 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु आज जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 14 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों व जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा के केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों ने परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। प्राचार्य ललित कालड़ा ने सभी का हार्दिक अभिनंदन किया।

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित पकड़ा

सिरसा। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव शाहपुर बेगू से मोटरसाइकिल सवार युवक को 14 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि गश्त टीम शहर गांव शाहपुर बेगू की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब नजदीक पीर दरगाह गांव शाहपुर बेगू के पास पंहुची तो सामने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक बाइक मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 14 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### महिला 15.80 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

सिरसा। कालांवाली की सिंहपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान गांव सिंहपुरा से आरोपी महिला निवासी सिंहपुरा को 15.80 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सिंहपुरा पुलिस चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि पुलिस गांव सिंहपुरा के बस अड्डा पर मौजूद थी। सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि सिंहपुरा निवासी महिला हेरोइन तस्करी का काम करती है। उन्होंने अपनी रेडिंग टीम तैयार कर उक्त महिला के मकान पर दबिश देकर महिला आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से 15.98 ग्राम हेरोइन बरामद होने पर उक्त महिला के खिलाफ थाना कालांवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### 23 करोड़ की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, तैयारियां पूरी

# सीएम नायब सैनी आज फतेहाबाद में, सांसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले समारोह में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 दिसम्बर शनिवार को फतेहाबाद पहुंचेंगे। वे फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में आयोजित होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव के ग्रेंड फेनाले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला करेंगे।

उनके साथ अर्जुन अवॉर्डी एण्ड ओलम्पियन गोल्ड मैडलिस्ट बॉक्सर विजेन्द्र व जय भगवान, अखिल, मनोज, राजकुमार सांगवान, अनूप सिंह, कबड्डी के इंटरनेशनल खिलाड़ी सुंदर सिंह, अनूप कुमार, दीपक कुमार, जसबीर सिंह, संदीप, साक्षी कुमार, रामबीर खोखर व इंटर नेशनल एथलैटिक भीम सिंह के अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व चेयरमैन वेद फुलां भी मौजूद रहेंगे। इस ग्रैंड फैनाले में सिरसा लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं से 4500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के उपरांत नायब सिंह सैनी फतेहाबाद जिलावासियों को अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। सीएम नायब सिंह सैनी अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन अपने कर कमलों से करेंगे। फतेहाबाद दौरे के दौरान सीएम फतेहाबाद में पंचनद स्मारक का भी उद्घाटन करेंगे।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में तैयारियों का जायजा लेते डीसी डॉ. विवेक भारती व साथ एसपी सिद्धांत जैन।

**सीएम करेंगे पंचनद सदन का उद्घाटनः नारंग**

फतेहाबाद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज फतेहाबाद दौरे के दौरान पंचनद सदन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले सुबह करीब 11 बजे पंचनद भवन पहुंचेंगे। जहां पर पंचनद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मीटिंग कर पंचनद सदन का उद्घाटन किया जाएगा। भाजपा के प्रवक्ता व पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन राधेश्याम नारंग ने बताया कि यह पंचनद भवन पंजाबी समाज से दानराशि एकत्रित कर बनाया गया है। इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंचनद को जगह उपलब्ध करवाई थी।

**सीएम इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास**

मुख्यमंत्री सैनी आज फतेहाबाद में 23 करोड़ 15 लाख 13 हजार रुपये की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में टोहाना में 10 करोड़ 42 लाख 13 हजार रुपये से बने नया बस स्टैंड, नगर पालिका जाखल मंडी में 7 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि से बने मल्टी कॉम्प्लेक्स, गांव म्योंद में 5 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि से बने 33 केवी सब स्टेशन शामिल है। इसके अलावा सीएम 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपये की जिला की कुल पांच परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं में गांव मूसा खेड़ा में 35 लाख 25 हजार रुपये की राशि से बनने वाली गांव की फिरनी, गांव साधनवास में 48 लाख एक हजार रुपये से बनने वाले इंटरलॉक रास्ता कालिया रोड से जम्मू ढाणी तक, गांव चांदपुरा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 2 करोड़ 16 लाख 69 हजार रुपये से 12 नये कमरें, एनएसक्यूएफ लैब तथा चारदीवारी, गांव करंडी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 97 लाख 68 हजार रुपये से 6 नये कमरे, एनएसक्यूएफ लैब व 6 पुराने कमरों की मुरम्मत तथा गांव पारता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक करोड़ 28 लाख 97 हजार रुपये से चार एसीआर, शौचालय, प्रार्थना शैड, चादीवारी, वाटर टैंक तथा इंटरलोक रास्ते का निर्माण शामिल है।

**814 जवान तैनात, 8 नाके लगाए**

सीएम के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर जिले में कुल 814 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिनमें 6 उप-पुलिस अधीक्षक, 15 निरीक्षक, 47 उप-निरीक्षक, 488 सिपाही, 190 होमगार्ड तथा 74 एसपीओ शामिल हैं। सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए 8 नाके स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल, मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रत्येक स्थान पर पुलिस कर्मियों की सतर्क निगरानी रहेगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को अनेक स्तरों पर सुदृढ़ किया गया है। प्रवेश द्वारों पर बहु-स्तरीय सुरक्षा जांच प्रणाली लागू रहेगी। आगंतुकों को पूर्ण सुरक्षा जांच के उपरांत ही प्रवेश प्रदान किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल, विशेष शाखा के अधिकारी, बम निरोधक दस्ते तथा डॉग स्क्वॉड की तैनाती की गई है। डॉग स्क्वॉड टीम परिसर का लगातार निरीक्षण कर रही है।

**डीसी ने किया समारोह स्थल का निरीक्षण**

मुख्यमंत्री सैनी 13 को फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को एमएम कॉलेज परिसर में अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुख्य मंच, खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था, खेल मैदान, मीडिया गैलरी, पार्किंग, आगंतुकों व विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था सहित सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्यमंत्री के पंचनद सेवा सदन में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## यूपी के दो युवकों को किया काबू

- डिजिटल अरेस्ट में फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डिजीटल अरेस्ट की मनगढंत कहानी रचकर एक व्यक्ति से 13 लाख रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने उत्तरप्रदेश के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान तन्मय कुमार पुत्र होरी लाल, निवासी गांव धनौली, जिला आगरा तथा विष्णु कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी गांव कचौरा, जिला आगरा, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों से 1 लाख 50 हजार की ठगी की राशि बरामद कर ली गई है।



फतेहाबाद। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

**डेढ़ लाख की रकम बरामद**

साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी राहुल देव ने बताया कि इस बारे शिकायतकर्ता लेखराज पुत्र रामचंद निवासी भूना द्वारा शिकायत दी गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को साइबर सेल तथा सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट की मनगढ़ंत कहानी रची और भय दिखाकर विभिन्न बैंक खातों में कुल 13 लाख 5 हजार की राशि ठग ली थी। तकनीकी विश्लेषण एवं पुलिस टीम की कार्रवाई के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों तन्मय और विष्णु कुमार से 1 लाख 50 हजार की ठगी की राशि बरामद की गई है।

### कुत्तों की समस्या हल करने की मांग उठाई

सिरसा। शहर के हरी विष्णु कॉलोनी में आवारा कुत्तों की समस्या समाधान शिविर में देने के बाद नगरपरिषद द्वारा केवल खाना-पूर्ति करने के मामले में कॉलोनी निवासी सुरेंद्र शर्मा ने एक बार फिर समाधान शिविर में शिकायत दर्ज करवाई है। सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली बहुत ही संदेहास्पद बनी हुई है। हरि विष्णु कॉलोनी में एक कुत्ता पिछले डेढ़ साल में 40-50 लोगों को काट चुका है। समस्या को हल करवाने के लिये वे पिछले एक साल से समाधान शिविर, जन परिवाद व दिशा की बैठकों में भी गुहार लगा चुके हैं, समस्या जस की तस है। 9 नवंबर को ईओ नगर परिषद, ने उन्हें समाधान शिविर में बुला कर जयवीर सिंह यादव सीएसआई को बुलाकर समस्या का समाधान करने का पक्का आश्वासन दिया परंतु समस्या अब भी जस की तरह बनी है।

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में जागरूकता कार्यक्रम**

## युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में शुक्रवार को एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए वर्ग अनुदेशक मनमोहन सिंह ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर तलाशने और उन्हें अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के राज्य स्तरीय क्षेत्रीय कार्यालय, विकास और सुविधा कार्यालय करनाल के सहयोग से आयोजित करवाया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम डीएफओ करनाल से सहायक निदेशक मुकेश कुमार वर्मा व हरपाल सिंह, डीएमसी सिरसा से दिनेश कुमार सहायक निदेशक, जसवंत, जिला प्रबंधक पीएनबी सिरसा, निखिल मेहता डीआरपी सिरसा द्वारा कार्यक्रम में विशेष रूप से पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण ले चुके लाभार्थियों और संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान की ओर से ग्रुप इंस्ट्रक्टर मनमोहन सिंह, तरुण आनंद, दलीप सिंह, राजेश कुमार मौजूद रहे।



सिरसा। उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैक्टर चालक मौत केस में ट्रक चालक पकड़ा

फतेहाबाद। सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत होने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान संदीप सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी गुढ़ाना, रोहतक के रूप में हुई है। ट्रक भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि नागरिक अस्पताल फतेहाबाद से सूचना प्राप्त हुई थी कि सडक़ दुर्घटना में घायल जोगिन्द्र पुत्र सुरेश निवासी किनाला उपचार के दौरान मृत्यु को प्राप्त हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई विजेन्द्र के बयान दर्ज किए, जिसमें उसने बताया कि उसका भाई ट्रैक्टर-ट्रॉली में पराली लेकर फतेहाबाद बायो एनर्जी एलएलपी की ओर जा रहा था। भिरड़ाना कट के समीप अज्ञात कंटेनर चालक ने ट्रैक्टर में सीधी टक्कर मारी। टक्कर में ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया।

**उम्मीद** सिरसा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम

# मेगा जॉब फेयर में पांच सौ युवाओं का साक्षात्कार, 31 कंपनियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में कंपनियों में भर्ती के लिए लगभग 500 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार दिए। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने जॉब फेयर में पहुंचे युवाओं को संबोधित किया और कंपनियों के स्टॉल पर जाकर प्रतिनिधियों से बातचीत की।


मेगा जॉब फेयर में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के उप-निदेशक अनिल गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मेले में आई विभिन्न कंपनियों का स्वागत करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का आह्वान किया। उन्होंने सोलर एनर्जी की बढ़ती जरूरत और इस क्षेत्र में रोजगार संभावनाओं पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस मेगा जॉब फेयर में सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिकल व्हीकल/ ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों की 31 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इनमें सीएचएच इंडस्ट्रीयल ग्रेटर नोएडा, यूएनओ मिंडा प्राइवेट लिमिटेड बहादुरगढ़, केईआई वायर्स एंड केबल्स, जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम, ड्रीम केस इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, सोमेमिया कॉरपोरेट प्राइवेट लिमिटेड नीमराणा, एलएस पावर कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, ऐसिन ऑटोमैटिक रोहतक, ट्राइकोलाइट इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज़ झज्जर, शिवम ऑटोटेक लिमिटेड रोहतक, लोटे इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड आदि प्रमुख कंपनियां शामिल रहीं।

**सूची शीघ्र ही कंपनियों से प्राप्त होगी**

संस्थान के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद ने युवाओं को स्वयं रोजगार तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों में काम करने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि आईटीआई सिरसा द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन कर आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न कंपनियों में अप्रेंटिसशिप और रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदवारों का चयन हुआ है, उनकी सूची शीघ्र ही कंपनियों से प्राप्त कर जारी कर दी जाएगी।

## फतेहाबाद पुलिस ने अब तक 62 अपराधी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

- ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन
- 9 के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत जिला पुलिस ने बीते दिनों बड़े पैमाने पर सघन कार्रवाई की है। जिलेभर में गश्त, छापेमारी और इंटरसेप्शन बढ़ा और 230 से अधिक हॉटस्पॉट क्षेत्रों की निगरानी की गई। सभी थाना/यूनिट स्तर पर विशेष टीमों ने मोहल्लों, ग्रामीण बेल्ट, बाजार क्षेत्रों और नशा प्रभावित पॉकेट्स में लगातार कॉम्बिंग की। अभियान के दौरान पुलिस ने अब तक 62 आरोपियों को काबू किया और इनसे 3740 नशीली गोलियां, 2.706 किलोग्राम अफीम, 98.4 ग्राम हेरोइन, 29.220 किलोग्राम डोडा पोस्त, 10.90 ग्राम चिट्टा, 762 ग्राम गांजा, 32 बोतलें अवैध शराब व 230 लीटर लाहन तथा 49,170 रुपये नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि अभियान के दौरान 25 फरार आरोपी गिरफ्तार किए गए, 7 आरोपियों की संपत्ति कुर्क की गई, 8 के विरुद्ध एलओसी जारी की गई वहीं 9 के पासपोर्ट रद्द करने हेतु प्रस्ताव भेजे गए हैं। 133 जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान की।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style



# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

## हॉलीवुड मसाला





# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप



### अंडर-19 नेशनल क्रिकेट में जीता तृतीय पुरस्कार

**फतेहाबाद।** स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वीं अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता जोकि हिसार में सम्पन्न हुई, में नेशनल स्तर पर हरियाणा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। हरियाणा की टीम में पॉयनियर कान्वेंट स्कूल फतेहाबाद के अहसास गोदारा सुपुत्र सुरेश गोदारा ने शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल स्कूल व जिला बल्कि हरियाणा का नाम भी रोशन किया।

### घरेलू हिंसा मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद की टीम ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी अंजली कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा दहेज मांगने, मारपीट करने, नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाने, जान से मारने की धमकी देने एवं दहेज सामान अपने कब्जे में रखने संबंधी गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दी गई थी।

### सिटी सेंटर पर बच्चों की प्रतियोगिताएं 25 को

**सिरसा।** डबवाली रोड स्थित श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत 25 दिसंबर को क्रिसमस के पर्व पर बच्चों की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें बच्चे अपनी चित्रकला, नृत्यकला व पोशाक कला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। यह प्रतियोगिता 6 से 9 वर्ष और 10 से 14 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों की होगी। श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर माधव जैन ने बताया कि इस मौके पर बच्चों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का भरपूर मौका मिलेगा।

### 276वां नि:शुल्क मासिक चिकित्सा कैंप 14 को

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा अंधता निवारण समिति के सहयोग से 14 दिसंबर को नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑप्रेशन और ब्लड शुगर जांच का 276वां नि:शुल्क मासिक चिकित्सा कैंप नश्री हनुमंत चैरिटेबल होस्पिटल में लगाया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल व अध्यक्ष डॉ. आशीष खुराना ने बताया कि शिविर का शुभारंभ हनुमानजी की ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। कैंप में आंखों की बीमारियों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा, डॉ. महिप बंसल व डॉ. सीमा पूनिया द्वारा की जाएगी।

### रतिया में कराटे प्रतियोगिता कल

**रतिया।** द्वितीय इंटर स्कूल और सीनियर ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर रविवार को करवाई जाएगी। फतेहाबाद स्पोर्ट्स कराटे संगठन के जिला सचिव सरजीत सिंह ने बताया कि न्यू बस स्टैंड के पीछे स्थित सती माता मंदिर में एकदिवसीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक समिति अध्यक्ष केवल मेहता द्वारा किया जाएगा। संस्था प्रतियोगिता सुबह 9:30 बजे शुरू कर दी जाएगी।

### मां भगवती के गुणगान का 25वां दिवस सम्पन्न

**फतेहाबाद।** सर्व श्री वैष्णो भजन मण्डल फतेहाबाद 51 दिवसीय मां के गुणगान द्वारा श्री सन्यास आश्रम मंदिर प्रांगण में चल रहे कार्यक्रम का 25वां दिवस गुरुवार की रात भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माता रानी का जयकारा लगाया। भजन-संध्या के दौरान पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठा। माँ ज्वाला जी की पावन ज्योत ज्वाला जी धाम से विशेष विधि-विधान के साथ प्रज्वलित की गई।

# नशे का ग्रास बने अमन के पिता ने सरकार व पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, कहा : एसएचएओ को सब पता नशा कहां बिकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया में वीरवार को नशे की ओवरडोज से 21 साल के युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मेडिकल संचालक सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, शुक्रवार को पुलिस ने मृतक अमन का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस बीच अमन के पिता ने अपने बेटे की मौत के लिए पुलिस को जिम्मेवार बताया। इस मामले में मृतक के पिता का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह खुले रूप से पुलिस व सरकार को दोषी मानते हुए थाने को उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि पुलिस उसकी बात को कितनी गंभीरता से लेगी, यह भविष्य के गर्भ में है। बता दें कि वीरवार को रतिया में 21 साल के युवक अमन की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। इस मामले में शहर पुलिस ने मृतक के चाचा सुनील कुमार की शिकायत पर दो मेडिकल संचालकों व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले में दो आरोपियों रोहित कुमार व सुखपाल उर्फ बब्बू को गिरफ्तार कर लिया था।



रतिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

### शहर थाना प्रभारी रंजीत सिंह बोले

शहर थाना प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि 21 वर्षीय युवक अमन की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के चाचा सुनील कुमार के बयानों पर मामला दर्ज करते हुए दो को गिरफ्तार किया गया है व दो लोगो की तलाश जारी है।

### मृतक के पिता का पुलिस पर फूटा गुस्सा

नशे से जान गंवाने वाले अमन के पिता का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पुलिस के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाल रहे हैं। वह सीधे तौर पर रतिया के सिटी एसएचओ पर नशा बेचने वालों से मिले होने के आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। अमन के पिता मुकेश का कहना है कि सरकार ही नशा बिकवा रही है। क्योंकि नशे से सरकार को अरबों-खरबों रुपए का मुनाफा होता है। मुकेश ने कहा, अब वह कश्मीर जाकर आतंकवादी बनेंगे और सबसे पहले रतिया सिटी थाना को उड़ाएंगे। इतना ही नहीं, पिता ने रतिया सिटी थाना के मौजूदा एसएचओ के मुंह पर तेजाब तक फेंकने की बात कही है। उनका कहना है कि एसएचओ को पता है कि कहां-कहां नशा बिक रहा है, लेकिन वह कार्रवाई नहीं करते। वीडियो में मुकेश मित्तल ने कहा कि रतिया में मेरे बेटे से पहले 200 लड़के मर चुके हैं। रतिया एसएचओ रणजीत सिंह की सैलरी डेढ लाख रुपए है। इनको बोल दें कि उस जगह नशा बिकता है, तो कहते हैं कि पकड़वा दो। हम इनके बाप के गुलाम हैं, जो पकड़वाए, ये खुद नहीं पकड़ सकते क्या।

## चार पंचायतों व किसानों को किया सम्मानित

# प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता: एडीसी वीरेंद्र

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती को लेकर सरकार की योजना के बारे में विशेषज्ञों की ओर से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यशाला में हरियाणा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट एंड एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टिच्यूट जींद से डा. सुभाष ने प्राकृतिक खेती की विधि, कपास अनुसंधान केंद्र से डा. ऋषि शर्मा ने कपास की पैदावार, केवीके से डा. देवेंद्र जाखड़ ने मिट्टी में पौषक तत्वों की कमी व भरपाई पर किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र, विषय विशेषज्ञ राकेश कुंट, गुण नियंत्रण निरीक्षक डा. अमित वर्मा, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. विजेंद्र चौहान, बिमला सिंवर मौजूद रहे।



सिरसा। पराली प्रबंधन भूमिका निभाने वाले पंचायतों को सम्मानित करते एडीसी।

### जहर मुक्त खेती समय की मांग

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जहर मुक्त खेती समय की सबसे बड़ी मांग है और इस दिशा में हमें विशेष रुप से प्रयास करने होंगे। खेत में फसल अवशेष जलाने से बचना होगा ताकि मित्र कीटों को नुकसान न पहुंचे और वे अपना काम सही तरीके से कर पाएं। उन्होंने कहा कि जहरीले रासायन से ऐसे मित्र कीट नष्टं हो रहे हैं, जो फसल पैदावार व जमीन की उपजाऊ शक्ति में सहायक बनते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढाएं।

### किसानों को आमंत्रित किया

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने कहा कि एक दिवसीय कार्यशाला में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को आमंत्रित किया गया। सिरसा में प्राकृतिक खेती को लगातार बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में फसली अवशेष प्रबंधन भी आता है। सिरसा जिला में पराली जलाने के मामलों में इस बार 95 प्रतिशत तक की कमी आई है। गत वर्ष 188 मामले सामाने आए थे, जबकि इस बार 15 जगह पर ही पराली जलाने की घटनाएं सामने आई है। उन्होंने कहा कि किसानों ने पराली प्रबंधन में महत्वपूर्ण कार्य किया है, जिसके लिए विभाग किसानों का आभार जता रहा है। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन की वजह से इस बार सिरसा का एक्यूआई बेहतर रहा है।

### पराली प्रबंधन में अहम काम किया

कार्यशाला के दौरान जिले में पराली प्रबंधन को लेकर उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली चार पंचायतों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया है। गत वर्ष चारों पंचायतें रेड जोन में थी और इस बार ग्रीन जोन में आई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्राम पंचायत मल्लेकां के सरपंच सुखदेव सिंह, देसू मलकाना के सरपंच गुरजीत कौर, झोरडनाली के सरपंच विजय कुमार, मंगाला की सरपंच अनीता रानी को सम्मानित किया गया है। प्राकृतिक खेती कर रहे सिंहपुरा के किसान जगदीश कुमार, सुकेरावाला के किसान मनोज कुमार, रामपुर थेड़ी के गुरदेव सिंह, ममेरा खुर्द के जगदीश कड़वासरा, राजपुरा साहनी के बलबीर सिंह, बाजेकां के मदन सहाराण, कर्मगढ के प्रमोद कुमार व डबवाली के आशीष मेहता को भी सम्मानित किया गया। पराली प्रबंधन में विशेष योगदान देने पर पोहड़कां के निर्मल सिंह, बरुवाली के जितेंद्र सिंह, पनिहारी के रणजीत सिंह, रंधावा के सीबीजी प्लांट से आशीष व विजय को सम्मानित किया गया।

## नाढोड़ी में धार्मिक कार्यक्रम, उमड़े श्रद्धालु



# भूना: श्री धेनु मानस गो कथा का तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए निहाल

**भूना।** श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति नाढोड़ी के तत्वावधान में चल रही श्री धेनु मानस गौ कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा स्थल पर सुबह से ही वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। इस अवसर पर व्यासपीठ का पूजन आत्माराम गिला, नत्थूराम धारनिया, हिमताराम पूनिया, संतोख भांभू, कृष्ण लाल, रामनिवास भांभू हसंगा, प्रियंका देवी, शर्मिला देवी, लखपति, बिरखा देवी, पतासो देवी व भगवती देवी द्वारा किया गया। इसके बाद कथावाचक को तिलक लगाकर उन्हें मलाई पहनाकर सम्मानित किया गया।कथावाचक डॉ. मधु बिश्नोई ने गौ माता की महिमा को भावपूर्ण तरीके से वर्णित किया। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल धर्म का आधार नहीं, बल्कि मानवता का संवाहक स्वरूप हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में गौ-सेवा का विशेष महत्व रहा है, जो आज भी समाज को प्रेरित करती है।उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जीव-जंतुओं की हत्या कर उनके मांस से अपनी जीविका या स्वाद की पूर्ति करता है, वह पापकर्म का भागी होता है। ऐसा व्यक्ति नरक का भाग्य लिखकर आता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती। उनके अनुसार ऐसे पापी की आत्मा युगों-युगों तक भटकती रहती है।डॉ. बिश्नोई ने कहा कि गुरु जंभेश्वर भगवान ने बिश्नोई समाज को जीव रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। इसी कारण बिश्नोई समाज आज भी जीवों और पेड़-पौधों की रक्षा में अपना जीवन तक दांव पर लगाने से पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज के लोग मांसाहार करने वालों से दूरी बनाकर रखते हैं, क्योंकि जीव हत्या उनके सिद्धांतों के विरुद्ध है। शहर में अंडों वाली रेहड़ी देखने पर भी वे मुख फेर लेते हैं और मांसाहारी लोगों से मित्रता तक नहीं रखते।श्रद्धालुओं ने भक्ति-संवेदना से कथा के पावन संदेशों को आत्मसात किया।

- बिश्नोई समाज के लोग मांसाहार करने वालों से दूरी बनाकर रखते हैं, क्योंकि जीव हत्या उनके सिद्धांतों के विरुद्ध : मधु बिश्नोई



## सिडनी में स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज का भव्य स्वागत



**फतेहाबाद।** श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम, फतेहाबाद, नंगली दरबार के वरिष्ठ संत स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज के सिडनी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। यूरोप में सनातन संस्कृति का परचम लहराने के बाद अब स्वामी प्रेमानंद महाराज के ऑस्ट्रेलिया आगमन से भारतीय समुदाय में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सिडनी एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में मौजूद भक्त जनों ने स्वामी जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद आयोजकों ने पारंपरिक ढंग से स्वागत समारोह का आयोजन किया, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बता दें कि स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज लगभग एक महीने तक सिडनी, मेलबोर्न, एडिलेड सहित विभिन्न शहरों में सत्संग एवं प्रवचनों के माध्यम से हिंदू संस्कृति, अध्यात्म और सनातन मूल्यों का प्रचार करेंगे। विदेशों में बसे भारतीयों के बीच स्वामी जी के प्रवचनों को लेकर विशेष उत्साह है।

# आदर्श स्कूल दरियापुर में बच्चों ने किया रोमांचित

- 'स्टार फेस्ट', साइंस एग्जीबिशन और स्पोर्ट्स मीट का शानदार संगम दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, दरियापुर में आयोजित 'स्टार फेस्ट' ने आज पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साह और उमंग से भर दिया। यह अनोखा आयोजन साइंस एग्जीबिशन और स्पोर्ट्स मीट का शानदार संगम रहा, जिसमें बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और क्रिएटिविटी का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च-पास्ट से हुई, जिसने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर शीशपाल, इन्द्र गावड़ी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जगदीश खटाना, भान सिंह सरपंच, सतबीर सिंह बोदीवाली ने परेड का निरीक्षण करते हुए बच्चों के उत्साह की खुलकर सराहना की। मैदान में आयोजित स्पोर्ट्स मीट में बच्चों ने दौड़, रिले रेस, कुश्ती, रस्साकशी सहित कई प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया। अभिभावकों के लिए भी गेम्स का आयोजन किया गया।

'स्टार फेस्ट' के तहत लगी साइंस एग्जीबिशन में बच्चों ने इनोवेटिव मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए कि दर्शक दंग रह गए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, रोबोटिक्स, स्मार्ट सिटी, ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, ग्लोबल वार्मिंग आदि विषयों पर शानदार प्रोजेक्ट तैयार किए। पुरस्कार वितरण के दौरान विजेता बच्चों को मुख्य अतिथियों, प्रिंसिपल अंजली मैहता, एमडी दर्शन मैहता, वाइस प्रिंसिपल सीमा कोचर व डायरेक्टर साहिल मैहता ने मेडल और सम्मान प्रदान किया। विजेता अभिभावकों को भी मेडल प्रदान किए गए। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन बच्चों की क्षमता को उजागर करता है।



फतेहाबाद। आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित स्पोर्ट्स मीट में भाग लेते विद्यार्थी।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंचायत विभाग कर्मियों ने लगाई त्रिवेणी

**फतेहाबाद।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पंचायत विभाग, भट्टूकलां में एक सराहनीय पहल की गई। कार्यालय के लिपिक आयुष बेनीवाल के नेतृत्व में समस्त स्टाफ सदस्यों ने मिलकर कार्यालय प्रांगण में त्रिवेणी की स्थापना की गई। इस त्रिवेणी की स्थापना क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर काम कर रही संस्था 'हरा-भरा भट्टू' के सहयोग से किया गया। त्रिवेणी यानि नीम, पीपल और बरगद का रोपण भारतीय संस्कृति और पर्यावरण विज्ञान दोनों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर ग्राम पंचायत भट्टूकलां के सरपंच प्रहलाद सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। गांव को हरा-भरा बनाने के लिए जहां सार्वजनिक जगहों पर पौधे लगाए जा रहे हैं वहीं लोगों को भी पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



फतेहाबाद। पंचायत विभाग भट्टू में त्रिवेणी लगाते कर्मचारी।

### सीडीएलयू में कार्यक्रम

## बिजनेस एथिक्स और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पुस्तक का विमोचन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में बिजनेस एथिक्स और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पुस्तक का पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार द्वारा किया गया। यह पुस्तक विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुनीता सुखीजा तथा विभाग के शोधार्थी सागर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है। प्रो. विजय कुमार ने प्रो. सुखीजा को बधाई दी और लेखकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी व्यापारिक युग में बिजनेस एथिक्स और कॉर्पोरेट गवर्नेंस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। नैतिक मूल्यों के बिना न केवल व्यवसाय, बल्कि समाज भी संतुलित रूप से आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल प्रबंधन के छात्रों बल्कि उद्योग जगत के पेशेवरों और उद्यमियों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। पुस्तक की लेखक प्रो. सुनीता सुखीजा ने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य छात्रों और युवा पेशेवरों में प्रबंधन के नैतिक मूल्यों और सुशासन के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। बदलते व्यावसायिक वातावरण में नैतिक नेतृत्व ही किसी भी संस्था की दीर्घकालिक सफलता का आधार बन सकता है।

**सम्मान** हरियाणवी ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान हासिल कर शानदार सफलता हासिल की

# राज्य युवा महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राज्य युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले विजेताओं को कुलपति प्रो. विजय कुमार ने सम्मानित किया। राज्य युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय की टीम ने ग्रुप सॉग में प्रथम स्थान व हरियाणवी ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान हासिल कर शानदार सफलता हासिल की और कुलगुरु के समक्ष अनुभव सांझा करते हुए विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए अनेक सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने किया। कुलगुरु ने विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सीडीएलयू के छात्रों ने अपनी कला, अनुशासन और मेहनत से यह उपलब्धि प्राप्त की है। यह विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक उत्कृष्टता और टीम भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान वहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थियों से होती है। जो विद्यार्थी सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है, उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है और उनके अंदर प्रबंधकीय दक्षता विकसित होती है।



सिरसा। युवा महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करते वीसी।

### प्रथम टीम को एक लाख का इनाम

कुलगुरु ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए और लक्ष्य निर्धारित करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी हित में नए रोजगारोन्मुखी व कला से संबंधित पाठ्यक्रम आगामी शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय में शुरू किये जाएंगे। निदेशक डॉ मंजू नेहरा ने कहा कि आगामी जनवरी माह में कल्चरल कोऑर्डिनेटर्स की एक बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में होगा और सीडीएलयू के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों को ओर बेहतर बनाने के लिए चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर कल्चरल कोऑर्डिनेटर प्रो. रणजीत कौर, जनसम्पर्क निदेशक डॉ. अमित, सहायक युवा कल्याण निदेशक राजेश छिकारा, शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डा. गीता मोंगा व बॉयज कॉलेज के प्राचार्य डा. दिलावर सिंह, कल्चरल कोऑर्डिनेटरो सहित प्रतिभागी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को एक लाख रुपए तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 75 हजार रुपए का पुरस्कार आयोजकों द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### आर्म्स एक्ट में वांछित साहिल गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट से संबंधित एक मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान साहिल उर्फ गंजा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी हरिजन कॉलोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पूर्व भी इसी मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### जमानत के बाद फरार चल रहा उद्घोषित पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना शहर रतिया पुलिस ने लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुभाष पुत्र मिया सिंह निवासी वार्ड नंबर 16, रतिया है। आरोपी को अदालत द्वारा बार-बार अनुपस्थित रहने के कारण पी.ओ. घोषित किया गया था।

### महिला को टक्कर मारने का आरोपी चालक पकड़ा

**फतेहाबाद।** लापरवाही से वाहन चलाकर बुजुर्ग महिला को घायल करने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान पारस कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी वार्ड नंबर 7, शक्ति नगर, रतिया के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमे में शिकायतकर्ता सुनीता रानी निवासी चिम्मो ने बयान दर्ज कराया था कि 3 दिसंबर को वाहन चालक पारस मेहता ने तेज गति व लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए पीछे से उनकी सास रामप्यारी उम्र 85 वर्ष को टक्कर मार दी।

### गांजे के साथ महिला गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए थाना शहर टोहाना के अंतर्गत आने वाली चण्डीगढ़ रोड पुलिस चौकी की टीम ने एक महिला को 762 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम बीरमति पत्नी रणधीर, निवासी भाटला, जिला हिसार बताया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बड़े अधिकारियों की कमी से कामकाज प्रभावित

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने कहा कि अनेक जिलों में सीनियर अधिकारियों की कमी के कारण प्रशासनिक कामकाज में क्षीणता देखी जा रही है। जिसके कारण अन्य अधिकारियों पर भी काम का बोझ बढ़ गया है। केडिया ने जारी बयान में कहा कि हरियाणा के छह जिले ऐसे हैं, जो बिना अतिरिक्त उपायुक्त के चल रहे हैं। जबकि प्रदेश में आईएएस अफसरों की पर्याप्त संख्या है। इसके बावजूद सरकार ने इन छह जिलों में एडीसी पद पर अफसरों की नियुक्ति नहीं की है।

### डेरा सच्चा सौदा में निःशुल्क आई कैंप शुरू

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा में निःशुल्क आई कैंप विधिवत रूप से शुक्रवार शुरू हो गया। राष्ट्रीय अंधता एवं दृश्य हानि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इस कैंप का शुभारंभ प्रबंधकीय समिति के सदस्यों, शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से पहुंचे नेत्र रोग चिकित्सकों और शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने अरदास बोलकर किया।

### कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों ने किया संसद का दौरा

**सिरसा।** लाला हंसराज फुटेला कॉलेज ऑफ लॉ के फैकल्टी सदस्यों ने शुक्रवार को संसद का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य विधि शिक्षकों को भारत की संसदीय कार्यवाहीए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संवैधानिक संस्थानों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करना था। दौरे के दौरान फैकल्टी सदस्यों ने लोकसभा सत्र का अवलोकन किया और विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था को सक्रिय रूप में कार्य करते देखा। प्रतिनिधिमंडल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मिला।

## पुलिस टीम ने ड्रग के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

# खेल अकादमी पहुंची महिला पुलिस टीम, खिलाड़ियों को नशे और फेक सप्लीमेंट से दूर रहने का संकल्प दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवाओं को जागरूक और सुरक्षित बनाने संबंधी दिशा-निर्देशों के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने आज बौद्धिधर्मा स्पोर्ट्स अकैडमी फतेहाबाद में पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे खिलाडि़यों से संवाद किया और उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की।

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने खिलाडि़यों को खेलों के महत्व, अनुशासन, कठोर परिश्रम, टीमवर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण की भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी का जीवन अनुशासन, फिटनेस, सही आदतों और लक्ष्य पर फोकस से ही सफल बनता है।

उन्होंने खिलाडि़यों को विशेष रूप से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि नशा एक खिलाड़ी की क्षमता, स्टैमिना, मानसिक संतुलन और करियर दोनों को नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं को किसी भी प्रकार के ड्रग्स, स्मोकिंग, शराब, ड्रग्स-लाइसेंस्ड दवाओं का गलत उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी। निरीक्षक अरुणा ने फेक सप्लीमेंट, मिलावटी प्रोटीन पाउडर और अनधिकृत स्टेरॉइड्स के गंभीर नुकसान भी समझाए। उन्होंने कहा कि आजकल बाजार में कई तरह के नकली सप्लीमेंट बेचे जाते हैं, जिनका सेवन करने से शरीर को भारी नुकसान पहुंच सकता है, लिवर और किडनी खराब हो सकती है, और कई बार खिलाडि़यों का करियर डोपिंग के मामलों में भी खतरे में पड़ जाता है। खिलाडि़यों को सलाह दी गई कि वे केवल डॉक्टर अथवा अधिकृत पोषण विशेषज्ञ द्वारा सुझाए गए एवं प्रमाणित सप्लीमेंट ही लें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे।



फतेहाबाद। स्पोर्ट्स अकैडमी में खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करते महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा। फोटो : हरिभूमि

### साइबर क्राइम से बचने के दिए टिप्स

इसके साथ ही, महिला थाना प्रभारी ने खिलाडि़यों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फेक आईडी, फेक स्पॉन्सरशिप, मैसेज-फिशिंग, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग आदि से बचने के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि खिलाडि़यों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करना चाहिए, विशेषकर लोकेशन शेयरिंग, निजी चैट, अज्ञात लिंक अथवा फर्जी प्रोफाइल से सतर्क रहने की सलाह दी। निरीक्षक अरुणा ने खिलाडि़यों को यह भी प्रेरित किया कि वे खेल को कैरियर में बदलने के लिए अपना पूरा ध्यान अभ्यास, फिटनेस, पोषण और समय प्रबंधन पर दें। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस सही दिशा, निरंतर मेहनत और नकारात्मक चीजों से दूरी बनाकर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

## हरियाणा गोसेवा आयोग अध्यक्ष ने गोशाला संचालकों के साथ की बैठक

# गोशालाओं के रखरखाव के लिए सीधे खातों में भेजी जा रही राशि

गोशालाओं को 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रहे




सिरसा। गौशाला व नंदीशालाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते चेयरमैन श्रवण कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित करके उसे धरातल पर लागू किया गया हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं के लिए जो भी राशि भेजी जा रही है वह शत प्रतिशत राशि सीधे गौशालाओं के खातों में स्थानांतरित की जाती हैं। इसके साथ-साथ गौशालाओं को 2 रुपये पर प्रति यूनिट की दर से बिजली मुहैया करवाई जा रही है। गौशालाओं के लिए जमीन खरीदने पर भी रजिस्ट्री पर कोई स्टाम्प खर्च नहीं होता व सीएलयू लेने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी प्रकार विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये की राशि गौशालाओं को देने का काम किया जा रहा हैं। गौ संरक्षण के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग, संस्थाएं व पशुपालन विभाग बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य कर रहा है। श्रवण कुमार गर्ग शुक्रवार को सिरसा में विभिन्न गौशालाओं व नंदीशालाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके समक्ष गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखी, जिनका उन्होंने हरसंभव जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। गौशालाओं में सोलर प्लांट व गोबर गैस प्लांट लगाने पर कार्य किया जा रहा हैं। जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। गौमाता को सम्मान देने की दिशा में कई कार्य किए जा रहे हैं, सभी के सामूहिक प्रयास से कोई भी गौवंश लावारिस नहीं दिखाई देगा।

### जिले में 142 गोशालाएं

आयोग के वाइस चेयरमैन डा. पूर्ण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी बेसहारा गौवंश सडक पर न हो, इसके लिए व्यापक व्यवस्था बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। सभी के सामुहिक प्रयास से गौ संरक्षण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न गौशालाओं में शैड, सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं और समय पर ग्रांट भी उपलब्ध करवाई जा रही है। बेसहारा पशु को गौशाला में लाने पर गौशाला को तीन सौ रुपये से आठ सौ रुपये तक दिए जाने का प्रावधान है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा सुखविंद्र सिंह ने बताया कि जिला में कुल 142 गौशालाएं हैं, जिनमें से 138 गौशालाएं पंजीकृत हैं।

## पुलिस ने सीमावर्ती नाकों पर लगाए हाई रेजोल्यूशन कैमरे

### पुलिस मुख्यालय पंचकूला व जिला हेड क्वार्टर सिरसा से पुलिस अधिकारी रखेंगे निगरानी : एसपी



**सिरसा।** जिले के साथ लगती पंजाब व राजस्थान की अंतरराज्यीय सीमाओं पर नशा तस्करों, अवैध हथियारों की तस्करी, अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसने के लिए सभी सीमाओं पर स्थापित नाकों पर हाई रेजोल्यूशन के सीसीटीवी कैमरे लगवाने में सिरसा पुलिस पंचकूला के बाद दूसरे पायदान पर रही है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि सिरसा पुलिस ने अब हाई-टेक टेक्नोलॉजी पर काम करना शुरु कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधी अब किसी भी कीमत पर सिरसा पुलिस की नजरों से बच नही पाएंगे। उन्होंने बताया की सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन कवरेज या फुटेज पुलिस मुख्यालय पंचकूला व जिला हेडक्वार्टर सिरसा में बैठे पुलिस अधिकारी आसानी से अपराधियों पर नजर रख सकेंगे।

### 360 डिग्री कवरेज

एसपी ने बताया कि ये कैमरे आधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें नाइट विजन, हाई-रेजोल्यूशन रिकॉर्डिंग और 360 डिग्री कवरेज की पूरी सुविधा है। उन्होंने कहा कि इन कैमरों की मदद से नशा तस्करी, अवैध हथियार सप्लाई एवं अपराध पर पूर्ण रुप से नियंत्रण लगाने में पुलिस के लिए तीसरी आंख के रुप में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों से जिला में प्रवेश करने वाले संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की पहचान के लिए विशेष उपयोगी है। नए सीसीटीवी में फेस रिकग्निशन की भी सुविधा है।

# नशा मुक्ति शिविर में 46 ड्रग पीड़ितों के लिए सैंपल



फतेहाबाद। तामसपुरा में कैम्प के दौरान लोगों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशे के खिलाफ मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा पीड़ितों के पुनर्वास एवं उपचार को लेकर जिला पुलिस के विशेष प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा गांव तामसपुरा में एक नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नशे से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान, चिकित्सकीय जांच, काउंसलिंग तथा उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अपनी टीम सहित तथा आयुष विभाग की ओर से डॉ. जसविंद्र सिंह अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। दोनों विभागों की संयुक्त चिकित्सकीय टीमों ने शिविर के दौरान अत्यंत संवेदनशीलता और प्रोफेशनल तरीके से ड्रग पीड़ितों की जांच, काउंसलिंग और उपचार प्रक्रिया को संपन्न किया। शिविर में 17 नव-चिन्हित और 29 पूर्व-चिन्हित, इस प्रकार कुल 46 ड्रग पीड़ितों ने रिकॉर्ड दर्ज कराया। सभी व्यक्तियों की ब्लड सैंपलिंग, दवा उपचार, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा आगे की चिकित्सकीय फॉलो-अप प्रक्रिया सुनिश्चित की गई।

### शिविर लगाया

एसआई सुंदर ने बताया कि नशामुक्ति टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नशे की गिरफ्त में आए लोगों को समय पर उपचार एवं काउंसलिंग मिल सके। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त कर स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। शिविर के आयोजन में ग्राम पंचायत तामसपुरा का विशेष सहयोग रहा, जिसने पूरी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों को शिविर के प्रति जागरूक किया तथा अधिक से अधिक प्रभावित व्यक्तियों को उपचार प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों ने बाल भवन के प्रशिक्षण केंद्रों का किया भ्रमण

सिरसा। नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय की आईटी कम आईसीटी सैल के अंतर्गत शिक्षण अभ्यास में गए महाविद्यालय के छात्राध्यापकों ने बीती 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक जन शिक्षण संस्थान एवं बाल भवन के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इस क्षेत्रीय भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित कौशलों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना बताया। जन शिक्षण व बाल भवन के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्रों को संस्थान के कार्यों, उद्देश्यों और उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजे कर्मचारी

- बिजली निगम के कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रोष जताया। यूनिट प्रधान विजय सैनी ने बताया कि यदि आपको कर्मचारी ट्रांसफर किए गए तो बिजली कर्मचारी जो लाइनों की जानकारी के अभाव में हादसों का शिकार होंगे। आए दिन बिजली कर्मचारी हादसों का शिकार होते हैं। सिटी सब यूनिट प्रधान कुलदीप सोनी ने बताया कि यहां से दूसरे सर्कल में ट्रांसफर कर दिए गए तो निगम का बहुत ही जरूरी कार्य डिफाल्टीगं अमाउंट किस जगह कितनी है, यह सब नई जगह नए स्टेशन पर पता नहीं चलेगी, जिससे निगम को रेवेन्यू लॉस होगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य तौर पर सतेंद्र मोंगा, राजेश जांगड़ा, रमेश बाबू, सुभाष फौजी, कुलदीप सोनी, ताराचंद, मनोहर लाल, मुन्ना सिंह, सुनील, जयदेव, अमन कंबोज, कुलदीप जांगड़ा, अनिल मुढ, राजेश, मदन कंबोज आदि मौजूद थे।



सिरसा। बिजली कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

### टोहाना में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**टोहाना।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन सब डिवीजन सिटी टोहाना कार्यालय के सामने दो घंटे तक चला। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट शहरी प्रधान सूरजमल नैन ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट सिटी सचिव सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान महासंघ ब्लॉक प्रधान बंसी, सह सचिव शमशेर, यूनिट सचिव सुरेश बिश्नोई, कैशियर मनदीप नैन, सब यूनिट धारसूल प्रधान सुरेश और सचिव दीपक सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सूरजमल नैन ने बताया कि यूनियन की केंद्रीय परिषद ने 1 दिसंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्युत विभाग हरियाणा को पत्र लिखकर इस नीति को लागू न करने का अनुरोध किया था। यूनियन का कहना है कि यह नीति तकनीकी और फील्ड कर्मचारियों के हित में नहीं है। यूनियन के अनुसार, यह नीति कर्मचारी विरोधी है और इसमें व्यावहारिक कठिनाइयां तथा सुरक्षा संबंधी जोखिम हैं। बिजली निगम का कार्य अन्य विभागों से भिन्न, अत्यंत तकनीकी, जोखिमपूर्ण और उपभोक्ता सेवा से सीधा जुड़ा हुआ है। प्रत्येक कार्यालय, शाखा और उपखंड की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियां और क्षेत्रीय परिस्थितियां अलग-अलग हैं। यदि यह पॉलिसी अपने वर्तमान स्वरूप में लागू की जाती है। इस अवसर पर एएफएम लोकेश, राजकुमार, रणधीर, लाइनमैन सर्वजीत, संजय और उदयवीर सहित अन्य कर्मचारी साथियों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

### कार और बाइक में टक्कर, युवक घायल

**भूना।** नाढोड़ी रोड पर शुक्रवार दोपहर को रिट्ज कार और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के कारण बाइक पर सवार होकर युवक घायल हो गया। घायल को पहले भूना सीएचसी ले जाया गया। वहां से डॉक्टर ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव नाढोड़ी निवासी सुरजीत सिंह बाइक पर सवार होकर अपनी ढाणी से हसंगा-नाढोड़ी रोड की ओर आ रहा था। इसी दौरान हसंगा से नाढोड़ी की ओर कार लेकर गवर्नमेंट स्कूल के टीचर जा रहे थे। जैसे ही सुरजीत सिंह खेत के रास्ते से मेन रोड पर चढने लगा तो उसकी बाइक की कार से टक्कर हो गई। हालांकि, कार चला रहे टीचर ने युवक को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन टक्कर टाली नहीं जा सकी। इससे वह बाइक सहित नीचे गिर गया।

## स्कूल में दो दिवसीय खेल मेले का समापन

# शांति निकेतन स्कूल में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भूना में आयोजित 18वां दो दिवसीय खेल मेला शुक्रवार को रंगारंग समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद शाखा के पूर्व प्रधान सुशील कुमार गिरधर और समाजसेवी कृष्ण कुमार पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल वनिता बंसल ने। संचालन प्रबंध निदेशक जसवीर बेनीवाल ने किया। मंच का कार्यभार उप प्राचार्य सुमित बिश्नोई ने संभाला। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता और उपविजेता खिलाडि़यों को सम्मानित किया।




भूना। शांति निकेतन स्कूल में प्रतिभागी विजेता खिलाड़ीयों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

रिले रेस प्रतियोगिता में लडक़ों की श्रेणी में प्रगति हाउस ने बाजी मारी, जबकि लड़कियों में जागृति हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। दर्शकों में सबसे अधिक रोमांच रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में लडक़ों की कैटेगरी में भक्ति हाउस ने जीत दर्ज की, वहीं लड़कियों की कैटेगरी में जागृति हाउस विजेता बना। गोला फेंक में अर्पित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में गगनदीप ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्रबंध निदेशक जसबीर बेनीवाल ने खिलाडि़यों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में अनुशासन और खेल भावना दोनों समान रूप से जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भी आज करियर बन रहा है।


### ये रहे मौजूद

समारोह के दौरान स्टाफ सदस्य राजविंदर कौर, गीता, शिल्पा अरोड़ा, सुनीता, डिंपल, शिल्पा, साक्षी, तमन्ना, खुशबू, रजनी, शिखा, सुमन, संतोष, सुमित, सुरेंद्र, विक्रम, संदीप डीपी, दलबीर, मनोज, सुदेश, डिंपल और गीता सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ मुहिम : गुरुनानकपुरा मोहल्ले में पुलिस ने खंगाले घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में नशा तस्करी का गढ़ माने जाने वाले गुरूनानकपुरा मोहल्ले में थाना शहर फतेहाबाद की टीम ने शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने गुरुनानकपुरा मोहल्ला में विशेष कॉम्बिंग व चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें क्षेत्र के कई पॉकेट्स को कवर कर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने मोहल्ले की गलियों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखते हुए कई युवकों व राहगीरों की तलाशी ली। अभियान के दौरान पुलिस ने नशा प्रभावित पॉकेट्स पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कुछ संदिग्ध गतिविधियों को मौके पर ही रोकते हुए जागरूकता के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाया।



फतेहाबाद। गुरूनानकपुरा में तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।